कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित को सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा/ आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अर्ह परीक्षार्थियों की परीक्षाएं दिनांकः 15 एवं 16 जुलाई, 2024 को आयोजित करायी जायेंगी।

वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अर्ह परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु परिषद् के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित प्रयोगात्मक परीक्षकों की सूची से प्रत्येक जनपद में परीक्षक नियुक्त किये जायेंगे। प्रयोगात्मक परीक्षाएं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद मुख्यालय पर निर्धारित राजकीय अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में सम्पन्न करायी जायेंगी।

सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य/ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर उक्त तिथियों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल में आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों की सूची को तथा इण्टरमीडिएट के प्रयोगात्मक परीक्षकगण प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांकों से सम्बन्धित ओ0एम0आर0 शीट को क्षेत्रीय कार्यालयों में दिनांक 19 जुलाई, 2024 तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/ सिस्टम सेल/ 210 (1-7) / दिनांकः 04-7-2024

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग—7, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से इसका व्यापक प्रचार—प्रसार कराते हुए मसस्त प्रधानाचार्यों को सूचित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें, जिससे हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/ कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु कोई अर्ह परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित न रह पाये।
6. अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित है कि इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु मुख्य परीक्षाओं हेतु प्रेषित की गयी प्रयोगात्मक परीक्षकों की सूची से ही प्रत्येक जनपदों में परीक्षक नियुक्त करते हुए निर्धारित तिथियों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
7. वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक(मा0) शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।

(भगवती सिंह)
सचिव।